आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2024/प्रादेशिक समाचार/8:50 बजे

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर उप–चुनाव के लिए अब तक 21 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके हैं। नामांकन भरने के चौथे दिन आज कांगड़ा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसी तरह विधानसभा उप–चुनाव के लिए सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र राणा, कुटलैहड़ से देवेन्द्र भुट्टो और बड़सर से इन्द्रदत्त लखनपाल आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जबकि कुटलैहड़ से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा और सुजानपुर से कैप्टन रंजीत सिंह राणा भी आज ही अपना नामंकान पत्र भरेंगे।

प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए अब 21 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अपने –अपने प्रतयाशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता, केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत हमीरपुर के अघार में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे सुजानपुर, बड़सर और हमीरुपर में स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। अनुराग सिह ठाकुर कल 11 मई को विजय संकल्प यात्रा के साथ अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज हमीरपुर जिले के नादौन में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्षे में चुनाव प्रचार करेंगे।

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मनाली के सोलंग में कल मण्डी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को सिर्फ एक गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र से भाजपा को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगी। उनके साथ पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर व अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहेंगे।

टीबी मुक्त हिमाचल अभियान के तहत कल धर्मशाला में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर गोपाल बेरी ने बताया कि टीवी मुक्त

पंचायत अभियान के तहत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2024 तक लगभग 800 ग्राम पंचायत निर्धारित मानकों की सत्यापन के बाद टीबी मुक्त पाई गई है। उन्होंने अनुरोध किया की स्वयं सहायता समूह, टीबी मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में जाकर टीबी रोग के बारे में समाज को जागरूक करें ताकि इस रोग का खत्म किया जा सके।

ऊना जिले में बढती गर्मी को देखते हुए टाइम शेड्यूल में बदलाव किया गया है.। जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में आदेश जारी किया है. आदेश के मुताबिक 13 मई से ऊना जिले में सभी सरकारी और निजी स्कूल प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुलेंगे.। यह आदेश जिले के सभी प्राथमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों पर लागू होंगे.

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज दिन की शुरूआत हल्के बादलों के साथ हुई। मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों तक आंधी तुफान, वर्षा व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 11 से 13 मई तक अधिकांश क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर होने वाले विधानसभा उप–चुनाव के लिए नामांकन भरने से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है– लोकसभा और विधानसभा उप–चुनाव के लिए 12 ने दाखिल किए नामांकन। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– भारी भीड़ के बीच कांग्रेस के दो नामांकन, विक्रमादित्य सिंह ने मंडी, आनंद शर्मा ने कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से दाखिल किया पर्चा। दैनिक जागरण का शीर्षक है–आनंद विक्रमादित्य समेत 12 ने किया नामांकन। हिमाचल दस्तक व दैनिक भास्कर क लगभग एक जैसे शब्द हैं– मंडी से विक्रमादित्य और कांगड़ा से आनंद शर्मा ने भरा नामाकंन–लाहौल स्पिति से भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने किया नॉमिनेशन।

चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के आरोप–प्रत्यारोप पर दैनिक सवेरा टाईम्स –केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है–देश विरोधी कांग्रेस को भारत ने ही पाकिस्तान से मिला रहा है समर्थन। जबकि इसी अखबार ने मुख्यमंत्री के ब्यान को प्रमुखता दी है–बागी विधायकों ने आधे पैसे शिमला में लिए आधे पंचकुला में। आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविंदर

सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–जयराम फ्लॉप फिल्म के फ्लॉप डॉयरेक्टर। दिव्य हिमाचल के शब्द है–सलाखों के पीछे होंगे पार्टी तोड़ने का प्रयास करने वाले।

अमर उजाला की एक खबर है– निर्दलीय विधायकों की सीटों पर जल्दी उप–चुनाव के आसार कम।

एच.पी.यू.–एस.पी.यू. में नई शिक्षा नीति लागू करने पर रोक शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर को प्रकाशित किया है।